## Headline

1. China New Map: 'बीजिंग के दावे बेतुके', अरुणाचल प्रदेश और अक्साई चिन को चीन का हिस्सा बताए जाने पर कांग्रेस
2. Rishabh Pant: ऋषभ पंत ने भारतीय टीम को चौंकाया, अचानक अभ्यास शिविर में पहुंचे; कुलदीप के साथ की मस्ती
3. पाकिस्तान: आटा चुराने पर किशोर को खंभे से बांधकर पीटा, यातनाएं दी, सोशल मीडिया पर फूटा गुस्सा
4. Raja Bhaiya Case: राजा भैया और भानवी सिंह तलाक मामले में नया मोड़, कोर्ट में दिया यह तर्क, अब नहीं होंगे अलग!
5. Rajya Sabha: आठ संसदीय स्थायी समितियों का पुनर्गठन, जानें चिदंबरम को किस पैनल की सौंपी गई जिम्मेदारी
6. Hyderabad: राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर बम होने की मिली सूचना, जांच के बाद पुलिस ने ली राहत की सांस

कहुँ कहुँ सरिता तीर उदासी। बसहिं ग्यान रत मुनि संन्यासी।।
साधक सिद्ध बिमुक्त उदासी। कबि कोबिद कृतग्य संन्यासी।।
( मानस संन्यास । रामकथा 922 - काठमांडु, नेपाल । मोरारी बापू )


सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

"NewsPaper"NewsPortal"NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 9 अंक : 54 | इंदौर, मंगलवार 29 अगस्त, 2023 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए


# बारिश थमने से टेम्प्रेचर बढ़ा

## 20 शहरों में पारा 30 डिग्री पार

## 4 दिन तक तेज बारिश नहीं

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

भोपाल। मध्यप्रदेश में मानसून ब्रेक होने से बारिश थम गई है। दिन में गर्मी और उमस बढ़ गई है। सोमवार को ग्वालियर में तापमान 34 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया, जबकि 20 शहरों में टेम्प्रेचर 30 डिग्री पार रहा। अगले 4 दिन ऐसा ही मौसम बना रहेगा। मौसम वैज्ञानिकों ने 1-2 सितंबर तक प्रदेश में कहीं भी तेज बारिश होने का अनुमान नहीं जताया है।




पिछले चार दिन से प्रदेश में मानसून ब्रेक है, जो अगले 3 से 4 दिन और रहेगा। इसके बाद जबलपुर-शहडोल संभाग के जिलों में एक्टिविटी होगी, जो मध्यम से भारी बारिश कराएगी। इसके साथ ही मानसून ब्रेक खत्म हो जाएगा। बता दें कि सीजन में दूसरी बार मानसून ब्रेक हुआ है। इससे पहले 5 से 17 अगस्त तक मानसून ब्रेक रहा था।

### अभी बारिश का कोई सिस्टम नहीं

IMD भोपाल के सीनियर वैज्ञानिक डॉ. वेदप्रकाश सिंह ने बताया कि अभी प्रदेश में कोई मानसूनी सिस्टम एक्टिव नहीं है। इससे प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में मौसम शुष्क है। हालांकि, कहीं-कहीं बूंदाबांदी हो रही है। 1-2 सितंबर को जबलपुर-शहडोल संभाग में कहीं-कहीं तेज बारिश हो सकती है।

### 24 घंटे में कैसा रहा मौसम

प्रदेश में कहीं भी बारिश नहीं हुई। इस कारण गर्मी का असर ज्यादा रहा। ग्वालियर में तापमान 34.8 डिग्री तक पहुंच गया। भोपाल, गुना, नर्मदापुरम, खंडवा, खरगोन, रायसेन, रतलाम, शिवपुरी, उज्जैन, दमोह, जबलपुर, खजुराहो, मंडला, नरसिंहपुर, नौगांव, रीवा, सतना, सीधी, टीकमगढ़, उमरिया और मलाजखंड में भी पारा 30 डिग्री या इससे अधिक ही रहा।

### MP के पश्चिमी हिस्से में 15% कम बारिश

- बारिश का दौर थमने से सामान्य बारिश के आंकड़े में गिरावट हो रही है। प्रदेश में ओवरऑल बारिश का आंकड़ा 12% कम हो गया है। पूर्वी हिस्से में 9 कम और पश्चिमी हिस्से में यह आंकड़ा 15% कम है। प्रदेश में सबसे ज्यादा बारिश नरसिंहपुर में हुई है। यहां अब तक हुई बारिश का आंकड़ा 41 इंच से अधिक है।
- सिवनी में 37.53 इंच, मंडला-जबलपुर में 35, डिंडोरी में 34 से ज्यादा बारिश हो चुकी है।
- इंदौर, अनूपपुर, बालाघाट, छिंदवाड़ा, पन्ना, सागर, शहडोल, उमरिया, रायसेन और नर्मदापुरम में 28 इंच या इससे ज्यादा बारिश दर्ज की गई है।
- दमोह, कटनी, निवाड़ी, बैतूल, भिंड, हरदा, रतलाम, सीहोर और विदिशा में आंकड़ा 24 इंच से अधिक है।

### इन जिलों में कम बारिश

खरगोन, मंदसौर, बड़वानी, ग्वालियर में सबसे कम कम बारिश हुई है। यहां आंकड़ा 20 इंच से कम है।

# वार्ड 50 और 37 में सबसे पहले लगेंगे सोलर हाई मास्ट

## ◆निगम दो वार्ड में खर्च करेगा 1.80 करोड़ , प्रक्रिया शुरू

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर । इंदौर शहर में सबसे पहले वार्ड नंबर 50 और 37 में सोलर हाई मास्ट लगाए जाएंगे । इसके लिए नगर निगम के द्वारा प्रक्रिया शुरू कर दी गई है । इन दो वार्ड में इस कार्य को करने पर 1.80 करोड रुपए खर्च होंगे ।**

नगर निगम के द्वारा इंदौर को सोलर सिटी के रूप में विकसित करने का फैसला लिया गया था । इसके तहत यह तय किया गया था कि शहर के सभी 85 वार्ड में 85 कॉलोनीयों को सोलर ऊर्जा पर निर्भर कॉलोनी के रूप में तब्दील किया जाएगा । यह कार्य जनता की सहभागिता के साथ ही किया जाना है । इस दिशा में अभी योजना बनाने का काम ही चल रहा है । अब नगर निगम के द्वारा शहर के बगीचों में सोलर हाई मास्ट लगाने की दिशा में पहल शुरू कर दी गई है । सबसे पहले शहर के वार्ड नंबर 50 और वार्ड नंबर 37 में सोलर हाई मास्टर लगाए जाएंगे । इसके लिए वार्ड नंबर 50 में स्थित इंदौर विकास प्राधिकरण की योजना क्रमांक 140 के सभी बगीचों में सोलर हाई मस्त लगाने की तैयारी की जा रही है । इस कार्य पर 30 लाख रुपए खर्च किए जाएंगे ।

### टेंडर की प्रक्रिया को शुरू

इसके साथ ही वार्ड क्रमांक 37 जो कि जोन क्रमांक 8 के अंतर्गत आता है । इस वार्ड के सभी बगीचों में सोलर हाई मास्ट लगाया जाना है । इस कार्य पर 1.5 करोड रुपए खर्च किए जाएंगे । इन दोनों कार्यों को करने के लिए नगर निगम के द्वारा टेंडर की प्रक्रिया को शुरू कर दिया गया है । इससे यह स्पष्ट है कि अगले कुछ महीने में इन दोनों स्थानों पर सोलर हाई मास्टर लगाने का काम शुरू हो जाएगा ।

### 29 गांव में लगाएंगे सोलर हाई मास्ट

इंदौर नगर निगम की सीमा में शामिल किए गए 29 गांव में सोलर हाई मास्ट लगाए जाएंगे । इसके लिए योजना तैयार हो गई है इस कार्य पर 1.9 करोड रुपए खर्च किए जाएंगे । इन सभी ग्राम में सड़क पर प्रकाश की व्यवस्था सूरज के प्रकाश से कर दी जाएगी ।

### बिजली का बिल बचेगा

नगर निगम के द्वारा सड़क के पर प्रकाश की व्यवस्था को सोलर पर आधारित करने की दिशा में काम शुरू किया गया है । ताकि स्ट्रीट लाइट के बिजली के बिल से मुक्ति पाई जा सके । इस सिलसिले में नगर निगम के द्वारा योजना तैयार की जा रही है । इस योजना के आधार पर आगे का कार्य किया जाएगा।

# सड़क के कारोबारी के कल्याण की कल होगी समीक्षा

## केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री अनुराग ठाकुर तीन राज्यों की नगर निगम से लेंगे हिसाब

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर । सड़क पर कारोबार करने वालों के कल्याण के लिए केंद्र सरकार के द्वारा लागू की गई योजना के तहत किए गए कामों की कल समीक्षा की जाएगी । इसमें केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री अनुराग ठाकुर तीन राज्यों के नगर निगम से हिसाब लेंगे ।

भोपाल में पूरे मध्य प्रदेश के नगर निगम के आयुक्त को बुलाया गया है । इसमें इंदौर नगर निगम आयुक्त को भी निमंत्रित किया गया है । इसके साथ ही साथ छत्तीसगढ़ और राजस्थान की भी सभी नगर निगम की आयुक्त को बुलाया गया है । इन सभी आयुक्त को कहा गया है कि प्रधानमंत्री सम्मान निधि योजना के तहत आपके द्वारा नगर निगम के माध्यम से किए गए कामों का प्रजेंटेशन आपको इस बैठक में देना है । केंद्र सरकार के द्वारा सड़क पर कारोबार करने वाले लोगों के कल्याण के लिए प्रधानमंत्री सम्मान निधि योजना शुरू की गई है । इस योजना के तहत इन नागरिकों को बिना किसी गारंटी के सबसे पहले 10000 का लोन दिया गया था । जिन लोगों के द्वारा लोन चुका दिया गया । उन्हें फिर 20000 का लोन दे दिया गया । जिन लोगों ने यह लोन भी चुका दिया उन्हें 50000 का लोन दे दिया गया और जिन्होंने यह लोन भी चुका दिया है उन्हें 2 लाख का लोन दिया जा रहा है ।

# निगम के नोटिस के बाद भी सूर्य देव नगर में मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा शुरू

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **सूर्य देव नगर में नगर निगम के द्वारा दिए गए नोटिस के बाद भी सुबह से मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह का आयोजन शुरू हो गया है । नगर निगम की टीम कहीं भी मौके पर नजर नहीं आई ।**

सूर्य देव नगर में बगीचे में बनाए गए मंदिर को कलेक्टर के निर्देश पर इंदौर नगर निगम की टीम के द्वारा तोड़ दिया गया था । इस बात को लेकर बहुत जोरदार बवाल मचा था । क्षेत्र के नागरिकों के द्वारा निगम की इस कार्रवाई का विरोध किया गया था । क्षेत्र के पार्षद अभिषेक शर्मा बबलू ने भी नागरिकों का समर्थन करते हुए निगम की कार्रवाई पर सवाल उठाए थे । इस मामले में विवाद की स्थिति तब बन गई थी जब महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने कहा था कि हमारी अनुमति के बगैर निगम की टीम के द्वारा तोड़फोड़ की इस कार्रवाई को अंजाम दिया गया है । इसके बाद से ही एक बार फिर जन सहयोग के आधार पर मंदिर का निर्माण करने की कवायद शुरू हो गई थी । इस कवायत के अंतर्गत मंदिर का निर्माण पूरा हो गया है और मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा का समारोह शुरू किया जा रहा था । इसके पहले ही नगर निगम के द्वारा एक बार फिर इस मंदिर को लेकर नोटिस जारी कर दिया गया । इस नोटिस में निर्माण के कार्य को रोकने और आगे के कार्यक्रमों को स्थगित करने की चेतावनी दी गई थी । इस चेतावनी को दरकिनार करते हुए क्षेत्र के लोगों के द्वारा सुबह से प्राण प्रतिष्ठा समारोह का आयोजन शुरू कर दिया गया । आज सुबह प्रभात फेरी निकाल कर इस आयोजन की शुरूआत की गई । मौके पर जब यह पूरा आयोजन शुरू हो रहा था तो नगर निगम की टीम आयोजन स्थल के आसपास से लेकर दूर-दूर तक भी नजर नहीं आ रही थी ।

# युवा कांग्रेस ने परिवर्तन रैली निकाली

**इंदौर।** युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीनिवास बी.वी.जी, प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष विक्रांत भूरिया , शहर अध्यक्ष सुरजीत चड्ढा , युवक कांग्रेस अध्यक्ष रमीज खान एवं दानिश खान ने भाजपा के बढ़ते हुए भ्रष्टाचार के खिलाफ परिवर्तन रैली निकाली ।जिसमें युवा कांग्रेस नेता दानिश खान 60 से अधिक बाइकें लेकर इस रैली में पहुँचे। इसे देख कर युवा कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीनिवास बी.वी. गद- गद हो गए और उन्होंने दानिश खान की पीठ थपथपाई। इस बीच दानिश खान, अरबाज भाई, इरशाद पहलवान और उनके साथ के युवा समूह ने खूब सुर्ख़ियाँ बटोरी।

# 5 लाख रुद्राक्ष व शिवचालीसा वितरण अभियान तथा पार्थिव शिवपूजन का समापन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **विनीता सुरेन्द्र पाठक एंड एसोसिएट्स द्वारा सावन माह में विभिन्न स्थानों पर निशुल्क पार्थिव शिवलिंग पूजन व रुद्राभिषेक का भव्य आयोजन किया गया। मां अहिल्या की पावन नगरी इंदौर को शिवमय बनाने के लिए विभिन्न कालोनियों व मंदिरों में अभिमंत्रित, सिध्द रुद्राक्ष व शिवचालीसा का वितरण भी किये गए । घर घर रुद्राक्ष व घर घर चालीसा अभियान पूरे इंदौर शहर में प्रतिदिन चलाया जा रहा है । इस अभियान का समापन एक भव्य कार्यक्रम में किया गया।**

हवा बंगला स्थित नीम वाले साईं बाबा मंदिर तथा बारह ज्योतिलिंग मंदिर के सामने विशाल पांडाल बनाकर समापन समारोह आयोजित किया गया। इसमे शहर की अनेक विशिष्ट हस्तियों को आमंत्रित किया गया । संस्था प्रमुख विनीता सुरेन्द्र पाठक ने जानकारी देते हुए बताया कि अपने पिता स्व. सुरेन्द्र पाठक की प्रेरणा से हम 5 लाख रुद्राक्ष व शिवचालीसा वितरण का लक्ष्य पूर्ण करने के करीब है । 28 अगस्त को हजारों श्रद्धालुओं द्वारा दोपहर 2 बजे से पार्थिव शिवलिंग का निर्माण, पूजन व रुद्राभिषेक किया । इसमे अनेक श्रद्धालु पीले वस्त्र पहनकर जोड़े से 84 महादेव के स्वरूप पार्थिव शिवलिंगों का निर्माण किया ।

कटाक्ष




# खुश रहने से बीमारियों में मिलती हैं राहत

## फिजयोथेरिपिस्ट वर्कशॉप का समापन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **खुश रहे और मुस्कुराहट को फैलाये। जब हम मुस्कराते हैं तो हमारे मस्तिष्क से एंडोफार्मिन, डोपामाइन और सेरोटोनिन नामक रसायन निकलते है। व्यायाम से भी एंडोफार्मिन बढ़ता हैं। एंडोफार्मिन एक दर्द निवारक अणु है जो हँसने से अधिक बढ़ता हैं।**

ये बात स्विजेरलैंड से आये न्यूरो थेरेपिस्ट डॉ. एड्रिस फिलिप्स ने फिजयोथेरिपिस्ट की दो दिवसीय वर्कशॉप के समापान अवसर पर कहे। एस डी पी सी ने आयोजन होटल विन वे में किया था।

डॉ. फिलिप्स ने सेरेबल पाल्सी, लकवा, माइगरैन, स्लीप डिस्क, पर्किसन, ब्रेन इंजरी, चक्कर आना आदि बीमारियों के 20 से अधिक टेक्निक बताई। इस टेक्नीक से इलाज में आसानी होती हैं। जिन लोगों को चलने में दिक्कत होती है और पैर में मूवमेंट नहीं होता उनके लिए टैप टेकनिक अधिक प्रभावी है। फिजयोथेरिपिस्ट डॉ. महेश साहू ने बताया कि वर्कशॉप में दोनों दिन बाहरी प्रदेशों से आये मरीजों को चिकित्सा परामर्श दिया गया। सबकी हिस्ट्री को सुना गया। वर्कशॉप में फिजयोथेरिपिस्ट डॉ. बालाजी, डॉ.नागेंद्रम, डॉ. शकीना, डॉ. चंदर, डॉ. स्वाति व्यास, डॉ. कृष्णा, डॉ. पूजा गोयल सहित 30 फिजयोथेरिपिस्ट शामिल हुए।

# रक्षाबंधन पर केन्द्रीय जेल में बंदियों से मुलाकात के लिये रहेगी विशेष सुविधा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। रक्षाबंधन के अवसर पर 30 अगस्त को केन्द्रीय जेल इंदौर में परिरूद्ध बंदियों को उनकी बहनों से मिलने के लिये विशेष सुविधा रहेगी। केन्द्रीय जेल अधीक्षक ने बताया कि जेल में परिरूद्ध बंदियों को उनकी बहनों से पहचान पत्र की छायाप्रति प्रस्तुत करने पर प्रत्येक बंदी की मात्र एक बार मुलाकात करायी जायेगी। केवल बहनें की मुलाकात के लिए आ सकती हैं। महिला बंदिनियों के भाई भी मुलाकात के लिए आ सकते हैं। शेष परिजनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। मुलाकात लिखने का समय प्रातः 8 बजे से दोपहर 12 बजे तक रहेगा। जेल केन्टीन से ही फल, मिठाई, राखी का क्रय किया जायेगा।

# इंदौर को मिली स्पोर्ट्स इंज्यूरी क्लिनिक की सौगात

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** आर्थोपेडिक्स में अपना नाम कर चुके शैल्बी हॉस्पिटल में स्पोर्ट्स इंज्यूरी क्लिनिक शुरूआत हुई, जिसका उद्घाटन सांसद शंकर लालवानी द्वारा फीता काट कर किया गया। स्पोर्ट्स इंज्यूरी के लिए सर्वसुविधा युक्त क्लिनिक में इलाज के लिए स्पेशलिस्ट डॉक्टर्स की टीम मौजूद रहेगी। क्लिनिक के शुभारम्भ के अवसर पर सकल दिगम्बर जैन समाज युवा वेलफेयर सोसायटी, एवं इंदौर दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप एकता के साथ मिलकर नि:शुल्क स्वास्थ्य परामर्श शिविर भी आयोजित किया गया।

# इंदौर में नशे की प्रवृत्ति पर अंकुश लगाने के लिये जागरूकता, जानकारी संकलन और प्रभावी कार्यवाही के लिये चलेगा अभियान

## सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण में इस माह भी इंदौर जिला टॉप फाइव में शामिल

◆ कलेक्टर डॉ. इलैयाराजा टी की अध्यक्षता में बैठक संपन्न

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। इंदौर में नशे की प्रवृत्ति पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिये जागरूकता, जानकारी संकलन और प्रभावी कार्यवाही के लिये अभियान चलाया जायेगा। इंदौर इस माह भी सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण में प्रदेश के टॉप फाइव जिलों में शामिल है। इंदौर जिला लगातार तीन माह से टॉप फाइव में आ रहा है। अगला लक्ष्य जिलों को पूरे प्रदेश में अव्वल बनाने का है। जिले में शासकीय स्कलों की एक हजार कक्षाओं को स्मार्ट बनाने का अभियान भी प्रारंभ किया जा रहा है।**

यह जानकारी आज यहां कलेक्टर डॉ. इलैयाराजा टी की अध्यक्षता में संपन्न हुई समय-सीमा के पत्रों के निराकरण (टी.एल.) बैठक में दी गई। बैठक में जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती वंदना शर्मा, अपर कलेक्टर श्रीमती सपना लोवंशी, श्री रोशन राय तथा श्री राजेन्द्र रघुवंशी सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। बैठक में कलेक्टर डॉ. इलैयाराजा टी ने निर्देश दिये कि सभी अधिकारी मिलकर अपने-अपने स्तर पर नशाखोरी से समाज को पूरी तरह मुक्त करायें। स्कूल, कॉलेजों तथा आस-पास विशेष ध्यान दें। बस्तियों पर भी विशेष ध्यान दिया जाये। जिले में नशे की प्रवृत्ति पर अंकुश लगाने के लिये सभी मिलकर जागरूकता, जानकारी संकलन और कार्यवाही के लिये अभियान चलायें। उन्होंने बताया कि सभी अधिकारियों को एक-एक कॉलेज की जवाबदारी दी जायेगी। यह अधिकारी कॉलेजों में पहुंचकर नशाखोरी के विरूद्ध वातावरण निर्माण करेंगे। साथ ही वे कॉलेजों के प्रोफेसरों और विद्यार्थियों से मिलकर नशे के संबंध में जानकारी संकलित कर प्रस्तुत करेंगे। अधिकारियों का दल भी बनाया जायेगा। इस दल में एनजीओ भी शामिल रहेंगे। उन्होंने आबकारी विभाग के अमले और सभी एसडीएम को निर्देश दिये कि वे पुलिस के साथ मिलकर प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करें। क्षेत्र का नियमित रूप से सघन भ्रमण कर निगरानी रखें। उन्होंने विद्यार्थियों को खेल गतिविधियों से जोड़ने के निर्देश भी दिये। साथ ही उन्होंने बताया कि सीसीटीवी केमरों की संख्या बढ़ाकर निगरानी व्यवस्था और पुख्ता बनाया जायेगा।

बैठक में कलेक्टर डॉ. इलैयाराजा टी ने बताया कि इंदौर जिले में शासकीय स्कूलों की एक हजार कक्षाओं को स्मार्ट बनाने का अभियान प्रारंभ किया जायेगा। इस अभियान में उन्होंने अधिकारियों को पूर्ण सहयोग देने के निर्देश भी दिये। उन्होंने बताया कि जनसहयोग से सरकारी स्कूलों की दशा और दिशा सुधारने का बढ़ा कार्य हाथ में लिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्रथम चरण में कक्षाओं की अंदरूनी व्यवस्थाओं को दुरस्त किया जायेगा। कक्षाओं में प्रोजेक्टर, कम्प्युटर सहित अन्य आधुनिक उपकरण और तकनिक उपलब्ध करायी जायेगी। प्रत्येक कक्षा को स्मार्ट बनाने के लिये लगभग तीन लाख रूपये खर्च होंगे। इस कार्य में दानदाताओं, शाला प्रबंधन समिति, आमजन और एनजीओ की मदद भी ली जायेगी।

बैठक में उन्होंने इंदौर जिले में निर्माणाधीन संजीवनी क्लीनिक भवन की प्रगति की समीक्षा की।



आज ही अपनी जानकारी सबमिट करे www.detectivegroup.in पर
Whatsapp us on +91-91110 50101

# कांग्रेस के उम्मीदवारों की पहली लिस्ट 15 सितंबर तक

## 17 विधायकों के कट सकते हैं टिकट; 109 नए चेहरे उतारने की तैयारी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

भोपाल। प्रदेश में सत्ता वापसी की पुरजोर कोशिश में जुटी कांग्रेस ने कैंडिडेट सिलेक्शन की प्रक्रिया तेज कर दी है। कांग्रेस 10-15 सितंबर तक 100 से ज्यादा नामों की पहली लिस्ट जारी कर सकती है। पार्टी ने उम्मीदवार चयन के लिए तीन सर्वे कराए हैं। सूत्रों ने बताया कि सर्वे रिपोर्ट के आधार पर ज्यादातर सीटों पर नाम लगभग फाइनल हो चुके हैं।

2 सितंबर को भोपाल में कांग्रेस की स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक होने वाली है। इसमें सर्वे रिपोर्ट के साथ ही जिलास्तर पर संगठन के पदाधिकारियों के फीडबैक पर मंथन होगा। इसके बाद उम्मीदवार के नाम फाइनल किए जाएंगे। बताया जा रहा है कि पहले हारी हुई सीटों पर नामों की घोषणा होगी।

कांग्रेस 109 सीटों पर नए चेहरे पर दांव लगाने की तैयारी में है। मौजूदा 17 विधायकों के टिकट काटे जा सकते हैं। पार्टी सूत्र बताते हैं कि ये संख्या बढ़ भी सकती है।

### किन विधायकों के टिकट पर खतरा

1. **मुरली मोरवाल (बड़नगर)** - पिछला चुनाव 5 हजार वोट से जीते थे। जिला और ब्लॉक कमेटी से मिला फीडबैक इनके पक्ष में नहीं है। बेटे करण के खिलाफ रेप केस का मामला दर्ज है। हालांकि, उन्हें जमानत मिल चुकी है।

2. **विक्रम सिंह नातीराजा (राजनगर )** - पिछला चुनाव केवल 732 वोट से जीते थे। तीन बार विधायक रह चुके हैं। अब पत्नी कविता सिंह का नाम आगे बढ़ाया है। पूर्व विधायक शंकर सिंह के बेटे सिद्धार्थ सिंह बुंदेला इस सीट पर दावेदारी कर रहे हैं।

3. **नीरज दीक्षित (महाराजपुर)** - इस सीट से पिछली बार 4 हजार वोट से जीते थे। दो सर्वे में फीडबैक खराब मिला है। यहां से नौगांव नगर पालिका अध्यक्ष अजय तिवारी और पूर्व सांसद प्रियव्रत चतुर्वेदी की बेटी निधि टिकट की दावेदार हैं।

4. **सुनीता पटेल (गाडरवारा)** - एंटी इनकमबेन्सी ज्यादा है। सर्वे की रिपोर्ट ठीक नहीं आई है। जिला पदाधिकारियों का फीडबैक भी पक्ष में नहीं है। यहां से कांग्रेस कौरव या फिर ब्राह्मण उम्मीदवार को उतारेगी।

5. **तरबर सिंह लोधी (बंडा)** - सर्वे रिपोर्ट में परफॉर्मेंस ठीक नहीं है। 2018 का चुनाव 24 हजार से अधिक वोट से जीता था। इखढ ने जातीय समीकरण के आधार पर वीरेंद्र सिंह को टिकट दिया है। इससे तरबर सिंह की मुश्किलें बढ़ गई हैं। अब यहां से पूर्व विधायक नारायण प्रजापति पर कांग्रेस दांव लगा सकती है।

6. **सुनील सराफ (कोतमा)** - स्थानीय नेता खुलकर विरोध कर रहे हैं। पिछले दिनों क्षेत्र के सभी सरपंच व अन्य जनप्रतिनिधियों ने कमलनाथ से मिलकर शिकायत की थी कि सराफ झूठी व फर्जी शिकायतें कराकर परेशान करते हैं। इस बार उनका टिकट कट सकता है।

7. **देवेंद्र पटेल (उदयपुरा)** - जातीय समीकरण के चलते टिकट पर संकट है। इस क्षेत्र में 50 हजार किरार निर्णायक वोटर हैं। यहां मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के साले संजय मसानी भी सक्रिय हैं। यह सीट बुधनी से सटी है। दोनों ही समीकरण से संजय सिंह का दावा मजबूत दिख रहा है।

8. **ग्यारसी लाल रावत (सेंधवा)** - प्रारंभिक सर्वे में रिपोर्ट पॉजिटिव नहीं है। उन पर ईसाई धर्म का प्रचार करने का आरोप लगा है। स्थानीय संगठन का फीडबैक उन्हें टिकट मिलने या कटने का आधार बनेगा।

9. **चंद्रभागा किराड़े (पानसेमल)** - सर्वे रिपोर्ट ठीक नहीं है और स्थानीय नेताओं में नाराजगी है। तीन महीने पहले कार्यकर्ता सम्मेलन में किराड़े का विरोध किया गया। नेताओं ने साफ तौर पर कहा कि पार्टी उम्मीदवार को बदलेगी, तभी वे काम करेंगे। ऐसे में कांग्रेस युवा चेहरा प्रकाश धुरिसंह खेड़कर को मैदान में उतार सकती है।

10. **मनोज चावला (आलोट)** - प्रारंभिक सर्वे में रिपोर्ट ठीक नहीं है। हालांकि, स्थानीय संगठन से फीडबैक मिलने के बाद उनके टिकट पर अंतिम मुहर लगेगी।। यहां से पूर्व विधायक प्रेमचंद्र गुड्डू के परिवार से किसी को भी मौका दिया जा सकता है।

### कमलनाथ दे चुके संकेत

जिन मौजूदा विधायकों को फिर से मैदान में उतारा जा रहा है, उन्हें कमलनाथ ने तैयारी करने का मौखिक आदेश दे दिया है। उन्होंने 8 अगस्त को भोपाल में मीडिया से चर्चा करते हुए कहा था कि हमें टिकट के दावेदारों के लिए लिस्ट जारी करने की जल्दी नहीं है, जिन्हें टिकट दिया जाना है, उन्हें सूचित कर दिया है। सूत्रों का कहना है कि मौजूदा 95 में से 74 विधायकों को क्षेत्र में प्रचार करने के लिए कहा जा चुका है।

### तीन सर्वे रिपोर्ट ही टिकट का मुख्य आधार

पार्टी के एक पदाधिकारी के मुताबिक कमलनाथ उम्मीदवारों के चयन में जोखिम लेना नहीं चाहते। यही वजह है कि 20 से अधिक विधायकों का टिकट काटकर नए चेहरे को चुनाव मैदान में उतारने की तैयारी है। जिन विधायकों की प्रारंभिक सर्वे में रिपोर्ट ठीक नहीं थी, उन्हें क्षेत्र में सक्रिय होकर परफॉर्मेंस सुधारने की हिदायत दी गई थी। इसके बाद हुए दो सर्वे में भी जिन विधायकों के प्रदर्शन में सुधार नहीं आया, उन्हें टिकट नहीं दिया जाएगा।

### ◆ इन विधायकों की पहली सर्वे रिपोर्ट आई

रवि जोशी (खरगोन), मेवाराम जाटव (गोहद), सुरेश राजे (डबरा), ब्रहा मलावी (घोड़ाडोंगरी), संजय यादव (बरगी), अर्जुन काकोड़िया (बरघाट), और अशोक मसकोले (निवास) की प्रारंभिक सर्वे में स्थिति बेहतर नहीं पाई गई। फिलहाल, इनकी दो सर्वे रिपोर्ट आना बाकी हैं।

### ◆ दीपक जोशी को खातेगांव से उतार सकते हैं

कांग्रेस में आए पूर्व मंत्री दीपक जोशी को खातेगांव से मैदान में उतारा जा सकता है। हाटपिपल्या से उपचुनाव हारने वाले राजवीर सिंह को टिकट मिल सकता है, लेकिन कांग्रेस यहां से नए चेहरे पर भी दांव लगा सकती है। सूत्रों का कहना है कि खातेगांव विधानसभा क्षेत्र ब्राह्मण बहुल है। ऐसे में जातीय समीकरण देखें, तो दीपक जोशी इस सीट से लड़ सकते हैं। वैसे भी इस सीट से टिकट के पांच दावेदार मनीष चौधरी, लक्ष्मीनारायण बंडावाला, गौतम बंटू गुर्ज, मनोज होलानी और ओम पटेल हैं।

### बंद लिफाफे में देंगे दावेदारों के नाम

कांग्रेस सितंबर के दूसरे सप्ताह में 100 से अधिक सीटों के टिकट घोषित करने की तैयारी कर रही है। इसके लिए प्रक्रिया तेज कर दी गई है। मप्र के इंचार्ज जनरल सेक्रेटरी रणदीप सिंह सुरजेवाला और स्क्रीनिंग कमेटी के चेयरमैन भंवर जितेंद्र सिंह ने प्रदेश के 63 जिला प्रभारियों और जिलाध्यक्षों से प्रत्येक विधानसभा से दावेदारों के नाम बंद लिफाफे में मांगे हैं। साथ ही, इलेक्शन कमेटी के चेयरमैन कमलनाथ से 230 विधानसभा सीटों के प्रत्याशियों के नाम मांगे हैं। खास बात यह है कि बंद लिफाफे में दावेदारों की जाति और उपजाति के बारे में भी पूछा गया है।

### तीन चरणों में होगी उम्मीदवारों की घोषणा

सूत्रों का कहना है कि कांग्रेस इस बार तीन चरणों में प्रत्याशियों की घोषणा करेगी। पहला चरण - उन सीटों पर उम्मीदवार घोषित किए जाएंगे, जहां उम्मीदवार के नाम को लेकर विरोध नहीं है। इसमें हारी हुई सीटें भी शामिल की जाएंगी, ताकि उम्मीदवारों को जनसंपर्क के लिए ज्यादा समय मिल सके।

**दूसरा चरण** - उन सीटों पर नामों का ऐलान किया जाएगा, जहां कांग्रेस के विधायक हैं। इसमें उन नामों को घोषित किया जाएगा, जिन्हें कमलनाथ क्षेत्र में तैयारी करने का इशारा कर चुके हैं।

**तीसरा चरण** - इसमें शेष सीटों पर उम्मीदवार घोषित किए जाएंगे। इसमें नए चेहरों के साथ-साथ अन्य दलों से पार्टी में शामिल होने वाले उन नामों की घोषणा की जाएगी, जिन्हें टिकट देने का निर्णय होगा।

### मंथन के बाद आएगी पहली लिस्ट

सूत्रों का कहना है कि पार्टी के इंटरनल सर्वे और फीडबैक पर स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक में मंथन के बाद ही उम्मीदवारों की पहली लिस्ट जारी होगी। इसके लिए प्रदेश प्रभारी रणदीप सुरजेवाला और जितेंद्र सिंह की मौजूदगी में 2 सितंबर को भोपाल में बैठक होगी। ऐसे में उम्मीद है कि यदि उम्मीदवारों चयन को लेकर विरोध नहीं होगा, तो करीब 100 सीटों पर नामों की की पहली लिस्ट 10 से 15 सितंबर के बीच में जारी हो जाएगी। इस सूची में उन 66 सीटों पर उम्मीदवारी का ऐलान की उम्मीद है, जहां कांग्रेस लगातार पांच बार से हार रही है। कांग्रेस ने इन सीटों को बेहद कमजोर माना है।




# बहन बोली- भाई को गर्दन-छाती पर लात रखकर कुचला

### ◆ मां दबंगों से कह चुकी थीं कि छेड़खानी का केस वापस ले लेंगे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सागर**। सागर में 18 साल के दलित युवक को गर्दन और छाती पर लात रखकर पीटा गया था। उसकी सांस उखड़ने तक दबंग उसे पीटते रहे। उसे कुचलते रहे। पुलिस ने तीन भाजपा नेता समेत 13 आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया। इनमें से आठ को अरेस्ट किया गया है। यह मामला राष्ट्रीय स्तर पर उठा। कांग्रेस और बसपा ने मध्यप्रदेश सरकार को घेरा है।

युवक की बहन का कहना है कि भाई को पीटने से पहले तीन आरोपी घर आए थे। मां को धमकाते हुए बोले- छेड़छाड़ के केस में राजीनामा कर लो, गांव में रहना है कि नहीं, डेरा उठवा देंगे। मां ने उनसे कह भी दिया था कि राजीनामा कर लेंगे, लेकिन उन्होंने भाई को घेर लिया। युवक की बहन इस घटना की चश्मदीद है। 2019 में आरोपियों ने उसके साथ छेड़खानी की थी। दबंग इसी केस में राजीनामे का दबाव डाल रहे हैं। घटना जिले के बरोदिया नौनागिर की है।

**भाई की सांसें उखड़ रही थीं, आरोपी पीटते रहे...** 24 अगस्त की शाम का समय था। गांव के ही विक्रम सिंह ठाकुर, आजाद ठाकुर, कोमल सिंह ठाकुर हमारे घर आए। छेड़खानी के केस में राजीनामे के लिए कहा और फिर चले गए। रास्ते में बस स्टैंड पर भाई लालू उर्फ नितिन अहिरवार उन्हें मिल गया। वह बाजार सब्जी लेने गया था। तीनों आरोपी उसे घेरकर पीटने लगे, वह भागा, लेकिन कुछ दूर जाने पर लालू खान, गोलू सोनी और अन्य ने उसे पकड़ लिया। इसके बाद सभी मिलकर उसे पीटने लगे। मां को पता चला तो वे दौड़कर मौके पर पहुंचीं। भाई को बचाने की कोशिश करने लगीं। आरोपियों ने मां को निर्वस्त्र कर पीटा।

### हत्याकांड के आठ आरोपी अरेस्ट

पुलिस ने शुरूआत में 9 नामजद और 4-5 अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया था। अज्ञात में से 4 और की पहचान हो चुकी है। सभी बरोदिया नौनागिर के रहने वाले हैं।

# संपादकीय

## ये कैसा सपना, ये कैसा निर्णय

हर माता-पिता का सपना होता है कि उसका बच्चा किसी अच्छी जगह नौकरी करे। वह सपना बच्चे पर इस कदर हावी हो जाता है कि उसे पूरा होता न देख वह जीवन ही समाप्त करने का निर्णय कर बैठता है। पिछले कई वर्षों से इस प्रवृत्ति पर अंकुश लगाने के लिए कोचिंग संस्थानों से उपाय निकालने को कहा जा रहा है। उनमें से बहुत सारे संस्थानों ने इसके उपाय जुटाए भी हैं, मगर अब भी यह समस्या गंभीर बनी हुई है। रविवार को कोटा में दो छात्रों की खुदकुशी के बाद राज्य सरकार ने आदेश जारी कर दिया है कि अगले दो महीने तक कोई भी कोचिंग संस्थान अपने यहां परीक्षण कार्यक्रम नहीं चलाएगा। रविवार को जिन दो छात्रों ने खुदकुशी की, उनका परीक्षण में प्रदर्शन अच्छा नहीं बताया जा रहा है। छात्रों की बढ़ती खुदकुशी की घटनाओं से स्वाभाविक ही यह सवाल उठता है कि आखिर हमने कैसी शिक्षा व्यवस्था विकसित की है, जिसमें युवा मामूली विफलता पर भी जान देने का फैसला कर लेते हैं। उनके पालन-पोषण और सामाजिक ताने-बाने पर भी सवाल उठता है कि आखिर वे युवाओं में इतना साहस क्यों नहीं पैदा कर पाते कि डाक्टर-इंजीनियर न बन पाने पर दूसरे विकल्प का चुनाव कर सकें। उन्हें अपने परिवार और समाज से यह भरोसा क्यों नहीं मिल पाता कि अगर जीवन में डाक्टर या इंजीनियर नहीं बन पाए तो उन्हें फिसड्डी नहीं माना जाएगा। दरअसल, हमारे समाज में कुछ ऐसा वातावरण बन गया है कि उन्हीं बच्चों को अधिक काबिल और मेधावी माना जाता है, जिनका दाखिला इंजीनियरिंग और चिकित्सा पाठ्यक्रमों में हो जाता है। इस तरह स्कूली दिनों से ही बहुत सारे बच्चों पर मनोवैज्ञानिक दबाव बनना शुरू हो जाता है कि उन्हें आगे की पढ़ाई के लिए किसी इंजीनियरिंग या मेडिकल संस्थान में दाखिला लेना है। चूंकि इन पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए प्रतियोगी परीक्षा कुछ कठिन और प्रतिस्पर्धा कड़ी होती है, इसलिए बड़ी संख्या में छात्र दाखिले से वंचित रह जाते हैं। हालांकि विद्यार्थियों पर ऐसे मनोवैज्ञानिक दबाव को कम करने के लिए स्कूली स्तर पर कई कार्यक्रम चलाए जाते हैं। उन्हें लगातार परामर्श दिया जाता है कि जीवन में संभावनाएं अनंत हैं, किसी एक विकल्प को अंतिम मान कर नहीं चलना चाहिए। मगर जिस तरह हमारे देश में अच्छी नौकरियों की गुंजाइश कम होती गई है, उसमें तकनीकी शिक्षा के प्रति रुझान अधिक अधिक देखा जाने लगा है।

**Quote...**

"The best and most beautiful things in the world cannot be seen or even touched - they must be felt with the heart."

-Helen Keller

MORARI BAPU



सत्य-प्रेम-करुणा...

**राम नाम जपे... ऐसे मार्ग पर जो चले उसके विरोधी तो बहुत खड़े हो जाएंगे... लेकिन राम नाम जपने वाले के मन में विरोधियों की तरफ भी विरोध उत्पन्न नहीं होना चाहिए...**

साभार - Chitrakutdham Talgajarda

**Health is Wealth**

# बच्चों में तेज दिमाग चाहिए तो प्रेग्नेंसी में खाएं ऐसे फूड्स



बच्चे के शरीर के साथ ही दिमाग का विकास गर्भ से ही होने लगता है। इसलिए मां को हमेशा हेल्दी और न्यूट्रिशयस फूड्स खाने की सलाह दी जाती है। ये हेल्दी फूड्स ही बच्चे के शारीरिक और मानसिक विकास को पूरा करते हैं। अब ये बात रिसर्च में साबित हो गई है कि खास तरह की डाइट को लेने से बच्चे तेज दिमाग के पैदा होते हैं। करीब 6 सौ से भी ज्यादा बच्चों के ऊपर इस रिसर्च को किया गया और पाया गया कि ये फूड्स बच्चे के दिमाग को तेज करने में हेल्प करते हैं। आगे जानें क्या कहती है रिसर्च।

### क्या कहती है रिसर्च

नई रिसर्च के मुताबिक स्पेन में 626 बच्चे और उनकी मां पर किए रिसर्च में पता चला है कि मेडिटेरेनियन डाइट को खाने से बच्चों कॉग्निटिव और सोशल-इमोशनल चीजों को समझने की क्षमता ज्यादा है।

### मेडिटेरेनियन डाइट में शामिल होते हैं ये फूड्स

मेडिटेरेनियन डाइट में रोजाना होल ग्रेन, बींस, पास्ता, दालें, नट्स, रोटी शामिल होती है। वहीं साथ ही फल भी रोजाना इस डाइट में होता है। जबकि थोड़ी मात्रा में ऑलिव ऑयल को डाइट में लेना होता है। वहीं सप्ताह में दो से तीन बार फिश और सीफूड्स को खाना होता है। वहीं अंडे, चीज, चिकन, दही को सप्ताह में दो से तीन दिन खाया जा सकता है। जबकि मीठा और मीट केवल महीने में एक ही बार खाना इसस डाइट में अलाउ किया जाता है।

### इन फूड्स को प्रेग्नेंसी में खाने से बच्चे का दिमाग होगा तेज

दालें, बींस, अनाज, ड्राई फ्रूट्स, नट्स, थोड़ी मात्रा में ऑलिव ऑयल, फल और सब्जियां

**बच्चे के दिमाग पर दिखा असर**

रिसर्च में बच्चों के दो साल के होने के बाद किए टेस्ट में रिसर्चर ने पाया कि ऐसे बच्चों में लैग्वेंज, मोटर, सीखने की क्षमता, इमोशनल समझ, सोशल स्किल, और चीजों को फौरन समझ जाने की क्षमता ज्यादा थी।

## Highlights

1. *Probe shows Congress behind Nuh violence: Haryana Home Minister*
2. *He's illegal: Bihar CM Nitish on Samrat's 'freedom in 1977' remark*
3. *Geetika to be India's first female Chargé d'Affaires in Pakistan*
4. *Union Minister Arjun Ram Meghwal corrupt, remove him: BJP MLA*
5. *Video shows UP CM offering child chocolate during visit to Kasganj*

# Appointed to Reliance board, who are Ambani siblings Akash, Isha and Anant?

**MUMBAI, (Agency).** Setting a succession plan in motion, Mukesh Ambani announced on Monday, at the 46th Annual General Meeting (AGM) of his Reliance Industries Limited (RIL), that his children, twins Akash and Isha, and the youngest, Anant, are being appointed to the board of directors of the conglomerate.

While the siblings have been on the board of RIL's operating companies, this is their first time on the parent firm's board.

Here is all you need to know about Akash, Isha, and Anant Ambani:

Akash: Last year, the Ambani couple's first-born succeeded his father as the chairman of Reliance Jio Infocomm Limited, the country's largest mobile operator. Born on October 23, 1991, in Mumbai, he married Shloka Mehta, the daughter of industrialist Russell Mehta, in March 2019.



They are parents to a son, Prithvi (born in December 2020), and a daughter, Veda (born in May 2023).

Isha: The younger twin, meanwhile, heads Reliance Retail, the group's retail arm. In 2016, she launched online fashion brand Ajio, a subsidiary of Reliance Retail. In August last year, Isha was appointed by her father as the CEO of Reliance Retail.

In December 2018, she married Anand, the son of businessman Ajay Piramal. In November last year, Isha and Anand welcomed twins, a daughter, and a son. The twins were named Aadiya and Krishna, respectively.

Anant: The youngest among Ambani sibling is a regular presence at the matches of the Mumbai Indians (MI), an Indian Premier League (IPL) franchise, one of several MI teams owned by the group. He heads the new energy sector at Reliance.

Born on April 28, 1995, also in Mumbai, he got engaged to Radhika Merchant earlier this year. Her father is businessman Viren Merchant.

# *From ₹2000 note deposit to free Aadhaar update: 7 important financial deadlines in September*

**NEW DElHI, (Agency).** Deadlines of various important schemes and government policies are approaching in September including ₹2000 note deposit/exchange, submission of Aadhaar number for small saving schemes, and free Aadhaar update. Most of these deadlines have already been extended and now tentatively end by next month's end.

Here are seven important financial deadlines to watch out for in September-

**Last date to return ₹2000 notes-** The finance ministry seems firm on the Reserve Bank of India (RBI)'s original deadline of September 30 to deposit or exchange ₹2000 notes. In a written reply in the Lok Sabha in



late July, minister of State for finance Pankaj Chaudhary replied in negative to a question about whether there is a proposal to extend the deadline for the exchange of ₹2000 in banks beyond September 30. On May 19, the RBI announced the withdrawal of ₹2,000 notes from circulation but gave the public more than four months to either deposit such notes in accounts or exchange them at banks.

**Submission of Aadhaar number for small saving schemes-** In a notification dated March 31, the finance ministry gave a six-month period till September 30 to submit Aadhaar number for updating Know Your Customer (KYC) to subscribers having invested in small saving schemes like PPF, Sukanya Samriddhi Yojana (SSY), National Savings Certificate etc. For existing subscribers, their account will be frozen from October 1, if they fail to furnish their Aadhaar number with their small savings account within the given deadline.

New Delhi

# पुलवामा आतंकी हमले की वजह से आर्टिकल 370 हटाने के लिए मजबूर होना पड़ा; SC में बोली केंद्र सरकार

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** पुलवामा में फरवरी 2019 को हुए आतंकवादी हमले के चलते केंद्र सरकार को जम्मू-कश्मीर से आर्टिकल 370 हटाने के लिए मजबूर होना पड़ा। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने सुप्रीम कोर्ट में आर्टिकल 370 हटाने के खिलाफ दायर याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इस फैसले से जम्मू-कश्मीर का देश के शेष हिस्से के साथ पूर्ण विलय हुआ है। इस दौरान उन्होंने नेशनल कॉन्फ्रेंस और पीडीपी के आरोपों का भी जवाब देते हुए कहा कि यह सही है कि आर्टिकल 370 को खत्म किया गया है। लेकिन इससे राज्य में शांति बहाली हुई है। इस दौरान उन्होंने आर्टिकल 35ए का भी जिक्र करते हुए कहा कि इससे जम्मू-कश्मीर के लोगों के बीच भेदभाव होता था। वहां रहने वाले लाखों लोगों को वोट डालने,



पढ़ाने करने और रोजगार के समान अवसर जैसे मूल अधिकार भी नहीं मिलते थे। उन्होंने कहा कि इस बात को तो चीफ जस्टिस ने भी स्वीकार किया है कि आर्टिकल 35ए लोगों से भेदभाव करने वाला होता था। 5 अगस्त, 2019 के फैसले को सही करार देते हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि इसके बाद ऐसा कोई निर्णय नहीं हुआ है, जिससे संविधान का उल्लंघन होता हो। बता दें कि राज्य की दो प्रमुख पार्टियों नेशनल कॉन्फ्रेंस और पीडीपी ने केंद्र के फैसले के खिलाफ अपील दायर की है। दोनों दलों का कहना है कि इसके चलते राज्य की स्वायत्तता छिनी है। इस पर केंद्र सरकार ने कहा कि सच यह है कि आर्टिकल 370 हटने से पहले लोगों को कई मूल अधिकार प्राप्त नहीं थे। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि नेशनल कॉन्फ्रेंस और पीडीपी की ओर से लोगों को भ्रमित किया जाता रहा है। इन दलों ने हमेशा जम्मू-कश्मीर के प्राइड के नाम पर लोगों को उनके अधिकारों से वंचित किया है।

New Delhi

## दिल्ली के सरकारी स्कूल में दो नाबालिग छात्रों का यौन उत्पीड़न, एक साथ पार्क में तो दूसरे से टॉयलेट में दरिंदगी

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** दिल्ली के एक सरकारी स्कूल में दो नाबालिग छात्रों के कथित यौन उत्पीड़न का मामला सामने आया है. आरोप है कि एक सरकारी स्कूल में 8वीं कक्षा में पढ़ने वाले 12 साल और 13 साल के छात्रों का स्कूल के ही अन्य छात्रों ने उत्पीड़न किया. इतना ही नहीं जब छात्रों ने ये बात अपने टीचर को बताई तो उन्होंने ये बात किसी को न बताने के लिए कहा. इस मामले में अब दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल ने दिल्ली पुलिस और शिक्षा निदेशालय को नोटिस भेजा है. मामला रोहिणा के सरकारी स्कूल का है. यहां अप्रैल में समर कैंप के दौरान दो छात्रों के यौन उत्पीड़न का मामला सामने आया है. इस दरिंदगी को स्कूल के ही अन्य छात्रों ने अंजाम दिया. 13 साल का पीड़ित छात्र रोहिणी का रहने वाला है. उसने बताया कि वह अप्रैल 2023 में समर कैंप के दौरान स्कूल गया था, जहां कुछ छात्र उसको जबरन पास के पार्क में ले गए. वहां उसके साथ मारपीट की गई और 5 छात्रों ने उसके साथ गलत काम किया. आरोपी उसे धमकाकर 7 दिन तक उसका यौन उत्पीड़न करते रहे.

Jharkhand

## झारखंड के पलामू में बड़ा हादसा, तेज रफ्तार कार ने 18 लोगों को रौंदा; 3 की मौत

**पलामू, (एजेंसी)** पलामू के चैनपुर थाना क्षेत्र के बरांव गांव में बड़ा हादसा हुआ है। यहां स्टेट हाईवे पर कार ने 18 लोगों को रौंद दिया है। इस हादसे में तीन लोगों की मौत होने की जानकारी मिली है। इस हादसे में घायल15 लोगों को इलाज के लिए मेदिनीनगर के एमआरएमसीएच में भर्ती किया गया है। कुछ की हालत गंभीर है। घटना सोमवार की रात लगभग 10:30 बजे की है। सावन की अंतिम सोमवारी के अवसर पर किया गया था संस्कृतिक कार्यक्रम इसी बीच ये हादसा हो गया। स्थानीयों ने बताया कि हाई वे के किनारे सोमवार देर शाम से कार्यक्रम किया जा रहा था। रात तकरीबन साढ़े 10 बजे तेज रफ्तार कार ने 18 लोगों को रौंदते हुए निकल गयी। मौके पर मौजूद लोगों ने घायलों को आनन-फानन में अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में 3 लोगों को मृत घोषित कर दिया गया।

Uttarpradesh

## बहन के साथ स्कूल से लौट रहे 10वीं के छात्र की पीट-पीटकर हत्या, सड़क जाम-इलाके में तनाव, भारी फोर्स तैनात

**प्रयागराज, (एजेंसी)** यूपी के प्रयागराज में 10वीं की एक छात्र की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई. वह स्कूल से अपनी चचेरी बहन के साथ लौट रहा था. छात्र की हत्या का आरोप दूसरे समुदाय के कुछ युवकों पर लगा है. बताया जा रहा है की छेड़खानी का विरोध करने पर युवकों ने पीटकर उसे मार डाला. वारदात के बाद लोगों का गुस्सा भड़क उठा. फिलहाल, मौके पर भारी पुलिस बल मौजूद है.

बता दें कि घटना यमुनापार इलाके के खीरी थाना इलाके की है. जहां बीते सोमवार को स्कूल से अपनी चचेरी बहन के साथ लौट रहे छात्र की हत्या कर दी गई. इसके बाद आक्रोशित लोगों ने सड़क पर जाम लगा दिया. देर शाम तक हंगामा चलता रहा. बवाल बढ़त देख पुलिस कमिश्नर समेत कई आला अफसर मौके पर पहुंच गए.

हालांकि, पुलिस के आलाधिकारियों का कहना है कि मामला छात्रों के बीच आपसी विवाद का है. लेकिन मृतक की चचेरी बहन ने आरोप लगाया है कि हत्यारोपियों के साथ मिलकर ग्राम प्रधान खीरी ने भी उसे पीटा है.

मिली जानकारी के मुताबिक, खीरी थाना इलाके के एक गांव का रहने वाला 16 वर्षीय लड़का परमानंद इंटर कॉलेज में 10वीं का छात्र था।

खेल

## पांचवें स्थान पर रहे किशोर जेना पर पैसों की बारिश, ओडिशा के सीएम पटनायक 25 लाख रुपये देंगे

**भुवनेश्वर।** विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भारत का झंडा बुलंद करने वाले जेवलिन थ्रोअर किशोर जेना पर भी पैसों की बरसात हुई है। किशोर कोई पदक जीतने में तो कामयाब नहीं हो सके, लेकिन उन्होंने टॉप-पांच में जगह बनाई। भारत के तीन एथलीट्स टॉप छह में रहे थे। नीरज चोपड़ा ने स्वर्ण जीता, जबकि किशोर पांचवें और डीपी मनु छठे स्थान पर रहे थे। यह भारतीय जेवलिन थ्रो के इतिहास में एक गौरवपूर्ण क्षण था।




इसके बाद ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने सोमवार को किशोर जेना के लिए 25 लाख रुपये के नकद इनाम की घोषणा की। किशोर विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप के फाइनल में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले ओडिशा के पहले एथलीट हैं। रविवार को उन्होंने विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप के जेवलिन थ्रो इवेंट के फाइनल में 84.77 मीटर का थ्रो किया था। यह उनका जेवलिन थ्रो में पर्सनल बेस्ट भी रहा। नवीन पटनायक ने कहा, 'बुडापेस्ट में विश्व एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में किशोर जेना की उल्लेखनीय यात्रा और असाधारण प्रदर्शन ने न केवल हमारे राज्य और राष्ट्र को गौरव दिलाया है, बल्कि आने वाले वर्षों में कई एथलीटों को प्रेरित भी करेगा। इस चैंपियनशिप में उनकी भागीदारी न केवल एक व्यक्तिगत उपलब्धि का प्रतिनिधित्व करती है, बल्कि ओडिशा की खेल भावना और प्रतिभा को भी दर्शाती है।' इससे पहले नीरज ने 88.17 मीटर के थ्रो के साथ स्वर्ण पदक अपने नाम किया। पाकिस्तान के अरशद नदीम ने 87.82 मीटर के थ्रो के साथ रजत पदक जीता। वहीं, चेक रिपब्लिक के जाकुब वेदलेच ने 86.67 मीटर के बेस्ट थ्रो के साथ कांस्य पदक पर निशाना साधा। किशोर के अलावा डीपी मनु ने 84.14 मीटर का बेस्ट थ्रो किया।

ओलंपिक, एशियाई खेल, राष्ट्रमंडल खेल और डायमंड लीग में चैंपियन बनने वाले नीरज के पास इस टूर्नामेंट से पहले सिर्फ विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में ही स्वर्ण पदक नहीं था, लेकिन अब उनकी झोली में इसका स्वर्ण पदक भी है। नीरज के छह अटेम्प्ट फाउल, 88.17 मीटर, 86.32 मीटर, 84.64 मीटर, 87.73 मीटर और 83.98 मीटर के रहे।

सिनेमा

## 'बिग बॉस' में जाएंगी अंकिता लोखंडे, पति विकी जैन के साथ घर में लेंगी एंट्री!



'बिग बॉस ओटीटी 2' खत्म होते ही 'बिग बॉस 17' को लेकर चर्चाएं चल पड़ी हैं। कई सेलेब्स के नाम सामने आने शुरू हो गए हैं जो टीवी के सबसे बड़े रियलिटी शो 'बिग बॉस 17' में हिस्सा लेंगे। इस बार का थीम कपल वर्सेस सिंगल का हो सकता है जिसमें ग्लैमर जगत से जुड़े कपल रहेंगे। अब जानकारी है कि 'पवित्र रिश्ता' फेम एक्ट्रेस अंकिता लोखंडे 'बिग बॉस 17' में हिस्सा लेने वाली हैं। उनके साथ उनके पति विकी जैन का नाम भी शो के लिए सामने आया है। विकी एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री से जुड़े नहीं हैं लेकिन वह सोशल मीडिया पर काफी पॉपुलर हैं। अंकिता अक्सर विकी के साथ रील्स शेयर करती रहती हैं। 'बिग बॉस 17' में अंकिता और विकी कपल गोल सेट करते दिखेंगे। इंडिया टुडे ने सूत्रों के हवाले बताया कि अंकिता और विकी को मेकर्स ने अप्रोच किया है। उनका नाम लगभग तय है। अगर ऐसा होता है तो टीवी की पॉपुलर बहू को रियलिटी शो में देखना दिलचस्प होगा। हालांकि अभी आधिकारिक तौर पर उनके नाम की पुष्टि का इंतजार है। अंकिता और विकी इससे पहले रियलिटी शो 'स्मार्ट जोड़ी' में दिखाई दिए थे। अगर वे 'बिग बॉस 17' में जाते हैं तो यह उनका दूसरा रियलिटी शो होगा। 'बिग बॉस' के घर में इससे पहले भी कई जोड़ियों ने हिस्सा लिया और उन्होंने दर्शकों का दिल जीता।

# ट्रेन की चपेट में आने से मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। जूनी इंदौर इलाके में ट्रेन की चपेट में आने से एक कर्मचारी की सोमवार रात में मौत हो गई। वह घर से कुछ काम का कहकर निकला। कुछ समय बाद उसका शव पटरी पर पड़ा मिला। हादसे को लेकर जीआरपी जांच कर रही है। जीआरपी के मुताबिक विजय (35) पुत्र देवराज मरमट निवासी कुमावतपुरा की ट्रेन एक्सीडेंट में मौत हो गई।**

वह जूनी इंदौर ब्रिज के पास पटरियों के नजदीक से गुजर रहा था। इस दौरान उसे पीछे से आ रही ट्रेन ने चपेट में ले लिया। भाई अजय ने बताया कि वह घर में पत्नी को काम पर जाने का कहकर निकला। इसके बाद हादसे का शिकार हो गया। परिवार के लोगों के मुताबिक विजय राजबाड़ा पर खिलौने की दुकान पर काम करता है। सोमवार शाम वह काम से वापस आया था। उसके परिवार में पत्नी और दो बच्चे हैं।

## मथुरा वृंदावन से लौटते समय बुजुर्ग हादसे का शिकार

87 साल के बुजुर्ग की हादसे में मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक 87 वर्षीय मदनलाल पुत्र सेवाराम पटेल निवासी ब्राह्मणखेड़ी अपने परिवार के साथ मथुरा-वृंदावन की परिक्रमा के लिये गए थे। लौटते समय 30 जुलाई को बीना स्टेशन पर पानी लेने के लिए उतरे। चढ़ते समय ट्रेन से पैर फिसल गया। इससे वह ट्रेन की चपेट में आ गए। उन्हें सागर के अस्पताल में भर्ती कराया गया। बेटे वहां से एंबुलेंस से अरबिंदो अस्पताल ले आए। यहां दो दिन पहले उनहोंने एमवाय अस्पताल में एडमिट करा दिया। जिसके बाद मदनलाल ने सोमवार रात में दम तोड़ दिया। एमवाय चौकी पुलिस मामले में मर्ग कायम किया है।

## बदमाशों ने ट्रक में लगाई आग

**इंदौर।** बाणगंगा इलाके में बदमाशों ने उत्पात मचाते हुए हैदराबाद से आए एक ट्रकम में आग लगा ली और भाग निकले। थाने से कुछ ही दूरी पर हुई इस घटना के मामले में पुलिस अज्ञात आरोपियों की तलाश कर रही है। पुलिस के अनुसार रविवार रात गश्त कर रहे जवानों ने ब्रिज के पास खड़े ट्रक को जलता हुआ देखा तो इस पर फायरब्रिगेड की टीम को सूचना दी। सूचना मिलते ही दमलकर्मी तुरंत मौके पर पहुंचे और आग बुझाने का प्रयास शुरू किया गया। करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद ट्रक में लगी आग पर काबू पाया जा सका। हालांकि इस आग में ट्रक का अधिकांश हिस्सा जलकर पूरी तरह खाक हो गया। समय रहते आग को बुझा लिया गया क्योंकि आसपास कई और वाहन खड़े थे। फिलहाल बाणगंगा पुलिस अब ट्रक में आग लगाने वाले बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है।

## बाइक में लगी आग

जीपीओ चौराहे पर एक बाइक में आग लग गई। आग बाइक के पेट्रोल टैंक में लगी थी। चालक ने बाइक को एक ओर खड़ी कर दी और खुद भी दूर हट गया। जिस जगह आग लगी थी, पेट्रोल पंप वहां से मात्र 50 मीटर की दूरी पर ही है। बाइक की आग देखकर पेट्रोल पंप के कर्मचारी और पुलिसकर्मी भी अलर्ट हो गए थे। वहां से आने-जाने वालों को बाइक के दूर से निकाला जा रहा था। हालांकि कुछ देर में पेट्रोल खत्म होने पर बाइक की आग बुझ गई। इसके बाद पेट्रोल पंप कर्मियों और पुलिस ने राहत की सांस ली।

# सड़क हादसा : बेटी को लेने जा रहे पिता की मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। बेटमा के पास एक पिता हादसे का शिकार हो गए। वह अपनी बेटी को लेने चंदन नगर इलाके से बाइक पर निकले। इसी दौरान रास्ते में उन्हें चार पहिया वाहन टक्कर मारकर चला गया। शाम को उन्हें एमवाय अस्पताल लेकर पहुंचे। लेकिन यहां उनकी मौत हो गई।**

पुलिस के मुताबिक घटना बेटमा के पास की है। रमेश (55) पुत्र बापूसिंह निवासी धरनावद कलारिया सोमवार शाम 5 बजे अपनी बाइक से बेटी रचना को लेने सागड्डू गांव उसके ससुराल जा रहे थे। बेटमा से करीब कुछ पहले उनकी बाइक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। गंभीर हालत में सड़क पर पड़े होने के बाद लोगों ने एंबुलेंस को सूचना की। यहां से उन्हें एमवाय अस्पताल भेजा। देर शाम यहां रमेश ने दम तोड़ दिया। रमेश के परिवार में उनकी दो पत्नियां है वह अपनी दूसरी नंबर की पत्नी के साथ यहां रहते थे। वहीं पहली पत्नी अपने बेटों के साथ मांगलिया इलाके में रहती है। बेटे ने बताया कि तीन भाइयों में रचना उनकी इकलौती बहन हे। उसने सुबह ही पिता को मोबाइल पर कॉल कर राखी के लिए लेने आने के लिये कहा था। रमेश उसे ही लेने गए थे।

# रूठे मानसून को मनाने के लिए सिद्धेश्वर महादेव पर कराई कृत्रिम बारिश

## वैदिक मंत्रोच्चार से पूजन कर देश, प्रदेश और शहर के लिए की कामना

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। सावन मास के अंतिम सोमवार को जहां सुबह से रात तक शिवालयों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी और विभिन्न आयोजन हुए, वहीं इंदौर के गोयल नगर स्थित श्री सिद्धेश्वर महादेव मंदिर में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजन कर भगवान भोलेनाथ पर कृत्रिम बारिश कर देश, प्रदेश और शहर में अच्छी बारिश की कामना की गई. मंदिर के प्रधान पुजारी ज्योतिषाचार्य डॉ. पंडित चंद्रभूषण व्यास ने बताया कि श्री सिद्धेश्वर महादेव मंदिर में प्रति सोमवार विशेष श्रृंगार कलाकारों के द्वारा किया जाता है. सावन के अंतिम सोमवार को सुबह के समय जहां विद्वान ब्राह्मणों द्वारा पंचामृत और जल से अभिषेक पूजन किया गया, वहीं बड़ी संख्या में मंदिर में पहुंचे श्रद्धालुओं ने भी भगवान को जल, बिल्व पत्र अर्पित कर पूजन कर मनोकामाना की.

### विशेष श्रृंगार और बारिश

रूठे इंद्रदेव को मनाने के लिए भगवान श्री सिद्धेश्वर महादेव पर कृत्रिम बारिश की गई और शहर के साथ ही प्रदेश व देश में अच्छी बारिश की कामना की गई. साथ ही विद्वान आचार्यों ने मंत्रोच्चार के बीच भगवान का विशेष श्रृंगार किया.

**उमड़ी भक्तों की भीड़** - सिद्धेश्वर महादेव मंदिर में हुए अनूठे धार्मिक आयोजन और भगवान के श्रृंगार का दर्शन करने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी. शाम को महाआरती के पश्चात भक्तों के बीच महाप्रसाद का वितरण भी किया गया.

**वर्ष भर आयोजन** - ज्योतिषाचार्य डॉ. पंडित चंद्रभूषण व्यास के अनुसार मंदिर में श्रावण मास के प्रति सोमवा के साथ ही वर्ष भर कुछ न कुछ धार्मिक आयोजन और अनुष्ठान किए जाते हैज्योतिषाचार्य डॉ. पंडित चंद्रभूषण व्यास उनका कहना था कि इन दिनों इंद्रदेव रूठे हुए हैं उन्हें मनाने के लिए भगवान पर कृत्रिम बारिश करवाकर अभिषेक पूजन किया है. अब जल्दी ही फिर से शहर और प्रदेश में बारिश होने लगेगी.

# इलाज के दौरान डेढ़ वर्षीय बच्ची की मौत

## इंजेक्शन के ओवरडोज का आरोप

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। विजय नगर क्षेत्र के मेडिपल्स अस्पताल में इलाज के दौरान डेढ़ वर्षीय फाल्गुनी पुत्री गौतम निवासी पंचम की फेल की मौत हो गई। मामले में स्वजन का आरोप है कि इंजेक्शन के ओवरडोज से बच्ची की मौत हुई है। जिसके बाद शाम छह बजे बड़ी संख्या में स्वजन पहुंचे और देर रात तक हंगामा करते रहे। पुलिसबल भी मौके पर पहुंचा और उन्हें समझाइश देता रहा।**

स्वजनों की मांग है कि इलाज में लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। मां सावित्री ने बताया कि उल्टी-दस्त के चलते रविवार रात 12.30 बच्ची को इलाज के लिए यहां लेकर आए थे। सोमवार शाम साढ़े पांच बजे नर्स दुर्गा पचोरे ने जैसे ही उसे इंजेक्शन लगाया, जिससे उसकी मौत हो गई।

इंजेक्शन लगाने के पहले वह बिल्कुल स्वस्थ थी। वह मुझसे बात भी कर रही थी। वहीं पिता ने बताया हमारा एक बेटा है और यह छोटी बेटी थी। जिसे डाक्टरों की लापरवाही के कारण हमने खो दिया है। जो भी जिम्मेदार डाक्टर है, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।

बच्ची की मौत के बाद डाक्टरों ने उसके गले में से कुछ निकाला और वह भी अपने साथ लेकर चले गए। ड्यूटी इंचार्ज डा. अमरीन ने बताया कि बच्ची को एमवाय अस्पताल से यहां गंभीर परिस्थिति में लाए थे। बच्ची का यहां इलाज चल रहा था। वहीं ड्यूटी इंचार्ज से जब मौत के कारण के बारें में पूछा तो वह उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया।

# हार्डवेअर व्यापारी ने की खुदकुशी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। खुडैल इलाके में रहने वाले एक हार्डवेअर व्यापारी का शव सोमवार को उनकी दुकान के अंदर फंदे पर लटका मिला। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। यहां शव को एमवाय पहुंचाया। खुडैल पुलिस के मुताबिक विक्की (26) पुत्र कैलाश चौहान की अपने घर से करीब आधा किलोमीटर दूर चौहान इंटरप्राइजेस नाम से दुकान है। विक्की ने यहीं जाकर फांसी लगा ली। विक्की हार्डवेअर का व्यापार करते थे।

चचेरे भाई ने बताया कि सुबह वह कस्टमर को सीमेंट की डिलीवरी करने का कहकर घर से निकले थे। काफी देर तक नहीं आए तो लगा कि वे दुकान पर हैं। लेकिन विक्की ने दोपहर में कस्टमर और कई लोगों के कॉल अटेंड नहीं किये। दोपहर में विक्की का एक दोस्त दुकान पर पहुंचा तो बाहर से शटर लगा था लेकिन ताला खुला था। यह देख दोस्त ने अंदर झांककर देखा तो विक्की फंदे पर लटका मिला।

विक्की अपने पिता का इकलौता बेटा था। उसकी पांच साल पहले बड़ी धूमधाम से शादी हुई थी। परिवार में दो बच्चे हैं। वहीं संयुक्त परिवार में चाचा और अन्य लोग भी साथ रहते हैं। परिवार के लोगों ने बताया कि सुबह सबसे अच्छे से बात करके दुकान के लिये निकले थे। लेकिन उसके बाद उन्हें जानकारी नहीं।

विक्की के मोबाइल में लॉक मिला है। वहीं मौके पर किसी तरह का सुसाइड नोट भी नहीं मिला है। परिवार के मुताबिक विक्की पर कर्ज जैसी बात भी नहीं थी। पुलिस के मुताबिक परिवार से विक्की का मोबाइल जब्त कर मामले में जांच की जाएगी।

जनसमस्याओं और प्रशासनिक अव्यवस्थाओं को उजागर करने वाले साहसी, कर्मठ साथियो की दैनिक अखबार और न्यूज़ चैनल में आवश्यकता है...जो लेखनी और भाषा का दक्ष हो।
इच्छुक व्यक्तित्व संपर्क करें -
Email-: dgrnewsnetwork@gmail.com
DGR
Detective Group Report
सतर्क रहें-सजग रहें अभियान
YouTube Detective Group Report
SUBSCRIBE
समाचार और विज्ञापन के लिए संपर्क करें
+91 91110 30505

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं 406- इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित।
■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535 ■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ प्रबंध संपादक - महेन्द्र आर.पालीवाल, ■ समूह PRO - एल.एन. उग्र ■ फोन : 0731-2433667 ■*पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार।